14-02-2021

अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा का

शपथ ग्रहण समारोह

➢ अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुझे बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

➢ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आप सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को मेरी शुभकामनाएं।

➢ आपके समाज के लोगों ने आप लोगों में विश्वास व्यक्त किया है। आप सभी उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए अच्छा कार्य करें और अपने समाज के साथ-साथ सभी वर्गों विशेषकर वंचित और निर्धन वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित होंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

➢ आपकी संस्था एक पुरातन संस्था है जिसकी स्थापना के 111 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संगठन और सृजन क्षमता आपकी शक्ति है। आपके इष्ट देव भगवान् विश्वकर्मा हैं, जो सृजन के देवता माने जाते हैं।

➢ डॉ इंद्रमणि शर्मा जी, श्री पालाराम जी, श्री गोवर्धन दास शर्मा जी, श्री राजाराम जी और श्री नाथूराम शर्मा जी के प्रयासों से तथा श्रीमती सुन्दर देवी के अमूल्य सहयोग से इस संस्था की नींव पड़ी थी।

➢ अपने समुदाय को निकटता और मजबूती से जोड़ कर आपने सामाजिक एकता और संगठन का अद्भुत उदहारण प्रस्तुत किया है। आज आपकी संस्था के 9000 से भी अधिक सक्रिय सदस्य हैं जो महासभा को और अधिक सशक्त करने के लिए कार्य कर रहे हैं।

➢ आपकी संस्था ने सदैव समुदाय के सदस्यों के कल्याण के लिए कार्य किया है। आपने समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति का प्रावधान किया तो समाज की निर्धन एवं आश्रयहीन महिलाओं को आर्थिक सहायता तथा व्यवसाय के लिए ऋण की व्यवस्था कर उनको अपने पैरों पर खड़ा होने का संबल भी दिया है।

➢ आपके प्रयासों से महासभा ने अनेक स्थानों पर मंदिरों, धर्मशालाओं, अतिथि गृहों, विद्यालयों, चिकित्सालयों तथा अन्य सामाजिक संस्थानों का निर्माण हुआ है जिस से पूरे समाज को लाभ हुआ है।

➢ महासभा के कल्याणकारी कार्य एक समावेशी और सशक्त समाज के निर्माण के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान दे रहे हैं।

➢ ऐसा करके आप उसी परम्परा का समृद्ध कर रहे हैं जो हमारे संस्कृति का स्थायी भाग हैं। आपने अपने बड़ों से सेवा और समर्पण के जो संस्कार सीखे, उनको निभाकर आप आने वाली पीढ़ियों को भी उन्हीं गुणों को आत्मसात करने को प्रेरित कर रहे हैं। इसके लिए मैं आप सभी का साधुवाद करता हूं।

- हमारे युवा इस देश के कर्णधार हैं। युवाओं में वह सामर्थ्य है कि वे इस समाज को और देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाएं, एक नई दिशा दें। आपके संगठन में भी युवा सदस्य हैं जिनकी ऊर्जा और प्रतिबद्ध रूप से कार्य करने की क्षमता का उपयोग समाज कल्याण और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में किया जा सकता है।

- साथियो, हमारा देश विविधताओं से भरा है। हमारी विशेषता है कि यह विविधता हमें बांटती नहीं है बल्कि हमें एक बनाती है।

- यह एकता हमें समाज के उत्थान तथा देश की उन्नति और प्रगति में योगदान देने को प्रेरित करती है। लेकिन अब हमें एकता की इस शक्ति को सामूहिक संकल्प की शक्ति से और सशक्त बनाना है।

- हमारा प्रयास अब यह नहीं होना चाहिए कि हम अपने समाज को मजबूत बनाएं। अब हमारा प्रयास यह रहना चाहिए कि हम अपने समाज के साथ-साथ सभी वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करें।

- हम एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा की जगह एक-दूसरे का संबल बनें। जब हम सामूहिक संकल्पशक्ति की इस भावना के साथ कार्य करेंगे तो निश्चित मानिए आप 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' –'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे पाएंगे।

- आज इस अवसर पर मेरी आप सब से अपेक्षा है कि आप समाज कल्याण के लिए विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करेंगे और आपके प्रयासों से सामाजिक परिवर्तन लाना संभव होगा।

- आपके इष्ट देव सृजनकार हैं, आपका भी दायित्व बनता है कि नए समाज और नए राष्ट्र के सृजन में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

- आज के इस अवसर पर मैं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को पुनः बधाई देता हूँ। आप सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को संस्था के लिए और संस्था के माध्यम से समाज के लिए कार्य करने का अवसर मिला है। मुझे प्रसन्नता है कि आप अपने आंतरिक कार्यकरण में भी लोकतान्त्रिक प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं। लोकतंत्र सबसे बड़ी शक्ति है जो आपको एक दूसरे और अपने उद्देश्यों से भी जोड़े रखेगी।

- अब समूचे एसोसिएशन को साथ लेकर चलने और टीम भावना से अपनी संस्था के कल्याण और उन्नति के लिए काम करने का दायित्व आपको पूरा करना है।

- इस कार्य में आपको सबका सहयोग सदैव प्राप्त होता रहे, ऐसी मेरी मंगलकामना है।

- आपके सभी भावी प्रकल्पों और कार्यक्रमों के लिए मेरी शुभकामनाएं। आप निरंतर आगे बढ़ें और देश तथा समाज की उन्नति के लिए कार्य करें।

- एक बार पुन: अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के निर्वाचन पर सभी को बहुत बहुत बधाई।

- मैं नेमीचंद जी शर्मा जी को महासभा के राष्ट्रीय प्रधान पद पर चुने जाने पर विशेष बधाई देता हूँ। मुझे पूरा भरोसा है कि समाज विकास की दृष्टि से नेमीचंद जी शर्मा का कार्यकाल स्वर्णिम होगा। धन्यवाद।